# Department of Political Science
# Govt. P.G.College Bazpur (U.S.Nagar)

Website:www.gpgcbazpur.in E-mail: deptt.ofpolscgpgcbazpur@gmail.com


**Date 23-04-2024**

## "Nashamukt Devbhoomi" Awareness Programme

The Political Science Department of Government Post Graduate College, Bazpur, in collaboration with the Anti-Drug Cell, organized an awareness programme titled "Nashamukt Devbhoomi" on 23-04-2024. The aim of the programme was to educate students about the dangers of drug abuse and to promote a drug-free environment.

The program commenced with insightful lectures delivered by Dr Anil Kumar Saini , Dr. B. K. Joshi ,Dr. Darshna Pant .They emphasized the importance of staying away from drugs and highlighted the impact of drug abuse on individuals, families, and society. These lectures shed light on the physical, psychological, and social consequences of drug addiction. Speakers also shared personal anecdotes and success stories of individuals who had overcome addiction, inspiring hope and motivation among the attendees. Engaging interactive sessions were conducted to encourage open dialogue and discussion on the subject. Students were encouraged to share their perspectives, concerns, and experiences related to drug abuse. This facilitated a deeper understanding of the challenges faced by youth in resisting substance misuse. The programme was conducted by Dr.Vandana.

The"Nashamukt Devbhoomi" awareness program proved to be a resounding success, thanks to the collaborative efforts of the Political Science Department, the Anti-Drug Cell, and all those who participated. By educating and empowering the youth, we take a significant step towards building a healthier, drug-free society.




GPS Map Camera
Kalyanpur, Uttarakhand, India
54QF+JCC, Bazpur, Kalyanpur, Uttarakhand 262401, India
Lat 29.189321°
Long 79.123262°
23/04/24 11:21 AM GMT +05:30
Google


विभागीय परिषद
राजनीति विज्ञान विभाग
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर
नशा मुक्त उत्तराखण्ड
“ड्रग फ्री देवभूमि”




# नशाखोरी गंभीर सामाजिक बुराई

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में नशामुक्त देवभूमि विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मंगलवार को महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग व एण्टी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्त देवभूमि विषय पर गोष्ठी हुई। छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. अनिल सैनी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा एक गम्भीर सामाजिक बुराई है। यह एक ऐसी बुराई है जिससे इन्सान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशा, मानव जीवन के व्यक्तित्व का विनाश, निर्धनता में वृद्धि तथा मृत्यु के द्वार खोलने का प्रमुख कारण है। कहा कि इस आसुरी प्रवृति को समाप्त करना आवश्यक है।



नशे से बचाव पर चर्चा करते महाविद्यालय के प्राध्यापक

महाविद्यालय की एण्टी ड्रग सेल प्रभारी डॉ. दर्शना पन्त ने कहा कि भारत को युवाओं का देश माना जाता है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार जोशी ने कहा कि भारतीय संविधान के भाग 4 की 47 वीं धारा के अनुसार मादक पदार्थों को प्रतिबन्धित किया गया है। किन्तु केवल सरकारों द्वारा नियम बनाने से यह बुराई समाप्त नहीं हो सकती। शराब व अन्य मादक पदार्थों से उत्पन्न होने वाली बुराइयों से निपटने के लिये जागरूकता के प्रचार-प्रसार के साथ ही हम सभी को नशा न करने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. वन्दना ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र संघ सचिव आदर्श कुमार एवं विभिन्न कक्षाओं के अनेक छात्र-छात्रायें तथा प्राध्यापक उपस्थित रहे।

उत्तर उजाला 24–04–2024

# कालेज में नशे से बचाव की दी जानकारी

संस॰ बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नशे से बचाव व उसके दुष्परिणाम की जानकारी दी गई।

मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग तथा एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त देवभूमि' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डा. अनिल सैनी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। एंटी ड्रग सेल प्रभारी डा. दर्शना पंत ने कहा कि हमें नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा. बृजेश जोशी ने कहा कि शराब तथा अन्य मादक पदार्थों से बचने के लिए जागरूकता के साथ प्रचार प्रसार का संकल्प लेना होगा। संचालन डा. वंदना ने किया। इस मौके पर छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार एवं विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी मौजूद थे।



बाजपुर के पीजी कालेज में गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता डा. अनिल सैनी • जागरण

दैनिक जागरण 24–04–2024



बाजपुर के पीजी कॉलेज में गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ . अनिल सैनी ।

# विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया

बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग तथा एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त देवभूमि' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ .अनिल सैनी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। एंटी ड्रग सेल प्रभारी डॉ . दर्शना पंत, राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा .बृजेश कुमार जोशी ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ . वंदना ने किया। इस मौके पर छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार 24–04–2024

Dr. B.K.Joshi
Deptt. Of Political Science